## ग्राम पंचायत ढ़गवार, विकास खण्ड धर्मशाला, ज़िला काँगड़ा, हि०प्र० – 176001 के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

### भाग-एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत ढ़गवार, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :-**

**प्रधान:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सुषमा राणी | 01/04/2023 से 31/03/2024 |

**सचिव :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती पम्मी देवी | 01/04/2023 से 03/12/2023 |
| 2. | श्री संतोष कुमार | 04/12/2023 से 31/03/2023 |

**तकनीकी सहायक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री ओंकार दत्त | 01/04/2023 से 31/03/2024 |

**ग्राम रोजगार सेवक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती नीलम कुमारी | 01/04/2023 से 31/03/2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

ग्राम पंचायत ढ़गवार के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र०सं० | पैरा सं० | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 4.1 | गत अंकेक्षण अनुसार 31.03.2023 को समेकित अंतशेष एवं रोकड़ बही अनुसार 01.04.2023 को प्रारम्भिक शेष में अत्यधिक अंतर पाया जाना | **1.28** |
| 2. | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | **51.02** |
| 3. | 7.1 | संपत्ति कर/गृहकर वसूली हेतु शेष पाया जाना | **0.61** |
| 4. | 7.2 | दुकानों के किरायेदार से देय किराया वसूली हेतु शेष पाया जाना | **0.90** |
| 5. | 8.1 | खनन सामग्री बिलों के साथ ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान का पाया जाना | **1.74** |
| 6. | 8.2 | बजरी एवं पत्थर के क्रय हेतु भुगतान से पूर्व रिक्तियों (Voids) की कटौती न करने के कारण अधिक/अनियमित भुगतान का पाया जाना | **0.14** |
| 7. | 8.3 | औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक/स्टोर का क्रय करना | **0.49** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | 8.4 | क्रय की गई सामग्री की स्टॉक प्रविष्टि न करना | **0.49** |
| 9. | 8.5 | अग्रिम राशि का समायोजन हेतु शेष पाया जाना | **2.20** |
| 10. | 8.6 | प्रोफॉर्मा एवं मूल बिल अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना | **2.20** |
| 11. | 8.7 | निर्धारित खपत मानदण्डों एवं अनियमित माप गणना के दृष्टिगत अपेक्षाकृत अधिक भुगतान का पाया जाना | **0.21** |
| 12. | 8.8 | विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत व्यय राशि से सम्बन्धित वांछित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | **2.11** |
| 13. | 9.1 | व्यक्तिगत कार्यों के लिए सामग्री की खरीद हेतु व्यक्तिगत लाभार्थियों के खातों में जमा/प्रतिपूर्ति करने की अपेक्षा आपूर्तिकर्ता को अनियमित भुगतान करना | **0.86** |
| 14. | 9.2 | मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत राशि से सम्बन्धित वांछित अभिलेख प्रस्तुत न करना | **16.04** |
| 15. | 10.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली से प्राप्त राशि को हि० प्र० राजकीय कोष में जमा न करने से राजस्व की हानि | **0.02** |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत ढ़गवार का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 व 01/04/2021 से 31/03/2023 के लिये किया गया था, जिनके शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:-

**(i) <u>अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक</u>**

| क्र० सं० | पैरा सं० | नवीनतम स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत (मांग व प्राप्ति रजिस्टर पृष्ठ संख्या 80 से अंकेक्षण शुल्क प्राप्ति की पुष्टि उपरान्त) |
| 2. | 4 | अनिर्णित |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | 5 | अनिर्णित |
| 4. | 5.1 | अनिर्णित |
| 5. | 5.2 | अनिर्णित |
| 6. | 5.3 | अनिर्णित |
| 7. | 6 | अनिर्णित |
| 8. | 7 | अनिर्णित |
| 9. | 8 | अनिर्णित |
| 10. | 9 | अनिर्णित |
| 11. | 10 | अनिर्णित |
| 12. | 11 | अनिर्णित |
| 13. | 12 | अनिर्णित |
| 14. | 13 | अनिर्णित |

**(ii) <u>अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 तक</u>**

| क्र० सं० | पैरा सं० | नवीनतम स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | 3 | **अनिर्णीत** |
| 2. | 4 | **अनिर्णीत** |
| 3. | 4.1 | **अनिर्णीत** |
| 4. | 4.2 | **अनिर्णीत** |
| 5. | 4.3 | **अनिर्णीत** |
| 6. | 4.4 | **अनिर्णीत** |
| 7. | 5 | **निर्णीत** (नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |
| 8. | 6 | **निर्णीत** (नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |
| 9. | 7(क) | **निर्णीत** (नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |
| 10. | 7(ख) | **निर्णीत** (नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | 7(ग) | **अनिर्णीत** |
| 12. | 7(घ) | **अनिर्णीत** |
| 13. | 8.1 | **अनिर्णीत** |
| 14. | 8.2 | **अनिर्णीत** |
| 15. | 8.3 | **अनिर्णीत** |
| 16. | 9 | **अनिर्णीत** |
| 17. | 10 | **अनिर्णीत** |
| 18. | 11 | **निर्णीत** (नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |
| 19. | 12 | **निर्णीत** (नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |

उपरोक्त तालिका (i) व (ii) अनुसार शेष पैरों की नवीनतम स्थिति से स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन की अनुपालना में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जो कि अंकेक्षण के प्रति ग्राम पंचायत ढ़गवार की उदासीनता को परिलक्षित करता है। अतः शेष अनिर्णीत पैरों के निपटारे हेतु नियमानुसार एवं अंकेक्षण सुझावानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाते हुये समर्थित सत्यापित अभिलेख सहित अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## भाग – दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत ढ़गवार, विकास खण्ड धर्मशाला, ज़िला काँगड़ा के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री दीपक सिंह पठानिया, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 11.02.2025 से 17.02.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व: स्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:-

| वित्तीय वर्ष | आय (माह) | व्यय (माह) |
|---|---|---|
| 2023-24 | 07/2023 | 03/2024 |

***<u>अस्वीकरण (Disclaimer):</u> - इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।***

**3. अंकेक्षण शुल्क**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क **₹4000/-** आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला - 171009 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 14/2024/ढ़गवार दिनांक 17.02.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 18/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र ही शुल्क की अदायगी कर दी जाएगी।

**4. वित्तीय स्थिति:-**

**(क)** पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 38/2024 दिनांक 11.02.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट - "क"** और **"ख"** में दिया गया है:-

**1. स्व: स्रोत:-**

| **अवधि** | **अथशेष (₹)** | **प्राप्ति (₹)** | **योग (कालम 2+3) (₹)** | **व्यय (₹)** | **अन्तशेष (कालम 4-5) (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 2023-24 | 1598411.00 | 198760.00 | 1797171.00 | 182598.00 | 1614573.00 |

2. अनुदान:-

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कालम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कालम 4-5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2023-24 | 4068913.42 | 4026434.35 | 8095347.77 | 2993411.05 | 5101936.72 |

**कुल योग (1+2)** = 1614573.00 + 5101936.72 = **6716509.72**

***<u>नोट:-</u> ग्राम पंचायत ढ़गवार का गत अंकेक्षण (अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023) हस्तलिखित रोकड़ बही अनुसार किया गया था एवं वर्तमान अंकेक्षण ONLINE रोकड़ बहियों अनुसार किया गया परिणामस्वरूप गत अंकेक्षण की वित्तीय स्थिति के अंतशेष एवं वर्तमान अंकेक्षण के प्रारम्भिक शेष में अंतर पाया गया एवं इस अनियमितता को अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 4.1 पर प्रारूपित किया गया है।***

**(ख) बैंक समाधान विवरणी:-**

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष **₹67,16,509.72** तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि के अन्तशेष **₹17,81,651.91 (परिशिष्ट - "ग")** से सम्बन्धित विवरणी निम्नानुसार है:-

| क्र०सं० | शीर्ष | बैंक | खाता सं० | बैंक अंत शेष 31.03.2024 (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सभा निधि (OWN SOURCE) | KCCB मसरेड़ | 50052299041 | ₹ 16,14,573.00 |
| 2. | 5वां राज्य वित्तायोग ($5^{TH}$ SFC) | KCCB मसरेड़ | 50057198220 | ₹ 1,59,970.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | KCCB मसरेड़ | 50074536544 | ₹ 3,04,088.00 |
| 4. | राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान (RGSA) | KCCB मसरेड़ | 50056988231 | ₹ 79,117.00 |
| 5. | राजीव आवास योजना/ अटल आवास योजना (RAYEAAY)/ इंदिरा आवास योजना (IAY) | KCCB मसरेड़ | 50056851502 | ₹ 369.00 |
| 6. | विधायक क्षेत्रीय विकास निधि योजना (V.K.V.N.Y.) | KCCB मसरेड़ | 50057188711 | ₹ 5,23,922.00 |
| 7. | क्षेत्रीय विकेंद्रीकृत योजना (SDP)/राज्य आपदा राहत कोष (SDRF)/अनुसूचित जातियों (एस.सी.) के लिए विशेष घटक योजना (SCSP) | KCCB मसरेड़ | 50058707168 | ₹ 3,72,375.70 |
| 8. | मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना (MMGPY) | KCCB मसरेड़ | 50065507070 | ₹ 16,951.00 |
| 9. | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | KCCB मसरेड़ | 50057298430 | ₹ 3,02,296.00 |
| 10. | संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (M.P.L.A.D.S.) | KCCB मसरेड़ | 50066693950 | ₹ 1,324.00 |
| 11. | 14वाँ वित्तायोग (14TH FC) | KCCB मसरेड़ | 50058357780 | ₹ 3,398.42 |
| 12. | | HDFCधर्मशाला | 50100317317251 | ₹ 2,86,600.30 |
| 13. | 15वाँ वित्तायोग (15TH FC) | HDFCधर्मशाला | 50100374041357 | ₹ 30,51,525.30 |
| | **हस्तगत नकद शेष (Own Source)** | | | ₹ 0.00 |
| | बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योग :- | | | ₹ 67,16,509.72 |
| | **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :-** | | | |
| | पंचायत के बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेष:- | | | **₹ 67,16,509.72** |
| | रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार पैरा- 4(क) अन्तशेष :- | | | **₹ 67,16,509.72** |
| | **अंतर :-** | | | **₹ 0.00** |

### 4.1 गत अंकेक्षण अनुसार दिनांक 31.03.2023 को समेकित अंतशेष एवं रोकड़ बही अनुसार 01.04.2023 को प्रारम्भिक शेष में राशि ₹1.28 लाख के अत्यधिक अंतर बारे:-

रोकड़ बहियों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जबकि हिमाचल प्रदेश

पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान) नियम 2002 के नियम 7 (3) व 10 (1) के अनुसार पंचायतों को रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि गत अंकेक्षण (अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023) हस्तलिखित रोकड़ बही अनुसार किया गया था एवं वर्तमान अंकेक्षण E-Gram Swaraj Portal पर संधारित रोकड़ बहियों अनुसार किया गया परिणामस्वरूप गत अंकेक्षण अनुसार 31.03.2023 को समेकित अंतशेष एवं वर्तमान अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत रोकड़ बहियों तथा वित्तीय स्थिति अनुसार 01.04.2023 को प्रारम्भिक शेष में **परिशिष्ट " घ"** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹1,27,870.30** का अन्तर पाया गया जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 01/2024/ढ़गवार दिनांक 13.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 05/2025 दिनांक 14.02.2025 द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरांत त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा हस्तलिखित रोकड़ बहियों के साथ-साथ E-Gram Swaraj Portal पर संधारित रोकड़ बहियों का भी अद्यतन किया गया है एवं हस्तलिखित रोकड़ बहियों से E-Gram Swaraj Portal पर कार्य करने हेतु परिवर्तन के दौरान त्रुटिपूर्वक online रोकड़ बहियों एवं बैंक में राशि **₹1,27,870.30** का अंतर पाया गया है जिस बारे सुधारात्मक कार्रवाई हेतु विभागीय स्तर पर पत्राचार कर E-Gram Swaraj पर संधारित रोकड़ बहियों का बैंक से मिलान कर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अत: उक्त अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में भी नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाए।

### 4.2 योजनावार पृथक बैंक खाते न खोलना: -

निदेशक पंचायती राज विभाग हि०प्र० के पत्र संख्या पी.सी.एच.-एच.ए.(5)सी(15)-13(एल)5-47005-81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार पंचायतों द्वारा PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) के कार्यान्वयन हेतु योजनावार अलग-अलग बैंक खाता खोलने के संबंध में जारी किए गए विभिन्न निर्देशों और दिशा-निर्देशों के अंतर्गत पंचायतों को सहायता अनुदान/निधि जारी करने से सम्बन्धित स्वीकृति पत्र में PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) की आवश्यकता के अनुसार अनुदान के लेखा शीर्ष को दर्शाया जाएगा।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित निधियों के आय व्यय हेतु योजना वार अलग-अलग बैंक खाता नहीं खोले गये थे, जोकि अनियमित है:-

<table>
<tr><th>क्र०सं०</th><th>शीर्ष</th><th>बैंक</th><th>खाता सं०</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>5वां राज्य वित्तायोग ($5^{TH}$ SFC)</td><td>KCCB मसरेड़</td><td>50057198220</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>5वां राज्य वित्तायोग ($5^{TH}$ SFC)</td><td>KCCB मसरेड़</td><td>50074536544</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>राजीव आवास योजना/ अटल आवास योजना (RAYEAAY)</td><td rowspan="2">KCCB मसरेड़</td><td rowspan="2">50056851502</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>इंदिरा आवास योजना (IAY)</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>क्षेत्रीय विकेंद्रीकृत योजना (SDP)</td><td rowspan="3">KCCB मसरेड़</td><td rowspan="3">50058707168</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>राज्य आपदा राहत कोष (SDRF)</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>अनुसूचित जातियों (एस.सी.) के लिए विशेष घटक योजना (SCSP)</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>14वाँ वित्तायोग ($14^{TH}$ FC)</td><td>KCCB मसरेड़</td><td>50058357780</td></tr>
<tr><td>9.</td><td>14वाँ वित्तायोग ($14^{TH}$ FC)</td><td>HDFCधर्मशाला</td><td>50100317317251</td></tr>
</table>

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा बैंक खातों का संचालन वर्णित नियमों एवं निर्देशों के विरुद्ध है जिस कारण उपरोक्त तालिका में वर्णित अनुदानों के आरंभिक शेष व अंत शेष की पुष्टि नहीं की जा सकी। यह पंचायत की सच्ची व सही

वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 01/2024/ढ़गवार दिनांक 13.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 05/2025 दिनांक 14.02.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये बताया गया कि भविष्य में नियमानुसार योजना वार अलग-अलग बैंक खाते खोलकर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये व समस्त अनुदानों का पृथक बैंक खाता खुलवा कर कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**4.3 लेखा खाता/खाता बही तैयार न करना: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 (1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप 7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि की खाता बहियाँ/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। अंकेक्षण अवधि की खाता बहियाँ/ लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित माहों के वाउचरों से सम्बन्धित निम्न तालिका में दर्शाये गये कार्यों के निष्पादन हेतु योजनावार एवं कार्य के अनुसार निधियों की कुल प्राप्ति एवं भुगतान की पुष्टि सम्भव न हो सकी तथा उक्त कार्यों को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं की पुष्टि सम्भव न हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्रोत व अनुदानों से प्राप्त की गई आय की भी लेखा/ खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी :-

| **क्र०सं०** | **अनुदान** | **वा०सं०/ दिनांक** | **बिल सं०/ दिनांक** | **कार्य का नाम** | **चयनित माह में भुगतान की गई राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | VKVNY | VKVNY/2023-24/P/5 Dt 15.03.2024 | Not Produced | सौन्दर्यकरण मोक्ष धाम वार्ड नं 3 | ₹19,850.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | VKVNY | VKVNY/2023-24/P/6 Dt 15.03.2024 | Not Produced | निर्माण मोक्ष धाम वार्ड नं 3 | ₹21,835.00 |
| 3. | VKVNY | VKVNY/2023-24/P/7 Dt 15.03.2024 | Not Produced | निर्माण खेल मैदान नजदीक GMS ढ़गवार वार्ड नं 3 | ₹19,056.00 |
| 4. | VKVNY | VKVNY/2023-24/P/8 Dt 27.03.2024 | Not Produced | निर्माण कुहल नजदीक प्रवीण कुमार की ज़मीन वार्ड 06 | ₹9,200.00 |
| 5. | VKVNY | VKVNY/2023-24/P/9 Dt 27.03.2024 | Not Produced | निर्माण शेड नजदीक आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र ढ़गवार वार्ड नं 03 | ₹6,400.00 |
| 6. | SDP/SDRF | SDP/2023-24/P/6 Dt 01.03.2024 | 079/ 28.06.2023 | निर्माण बलड़ी कुहल देवराज के घर से राम ढण के घर कि ओर | ₹41,700.00 |
| | | SDP/2023-24/P/7 Dt 01.03.2024 | 078/ 28.06.2023 | | ₹2,085.00 |
| 7. | SDP/SDRF | SDP/2023-24/P/9 Dt 15.03.2024 | Not Produced | C/O Moksh Dham Ward No. 3 | ₹32,554.00 |
| 8. | SDP/SDRF | SDP/2023-24/P/10 Dt 15.03.2024 | Not Produced | निर्माण रास्ता इंटरलोक टाइल मेन रोड से किशोरी लाल के घर तक | ₹8,734.00 |
| 9. | SDP/SDRF | SDP/2023-24/P/11 Dt 15.03.2024 | Not Produced | C/O Path with interlocking tiles from Dodan culvert to Kartar Chand Land | ₹13,895.00 |
| 10. | MMGPY | MMGPY/2023-24/P/1 Dt 27.03.2024 | Not Produced | C/O Path Lota Ram House towards Ramesh Chand House | ₹35,600.00 |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 02/2024/ढ़गवार दिनांक 13.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 06/2025 दिनांक 14.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि खाता बही असंधारित है

भविष्य में नियमानुसार खाता बही का अद्यतन कर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 की अवधि की खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार किए जाने सुनिश्चित किए जायें व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5. निवेश

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था। जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष स्वः-स्रोत में कृत व्यय की तुलना में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 03/2024/ढ़गवार दिनांक 13.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 07/2025 दिनांक 14.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में निवेश नहीं किया गया था। भविष्य में नियमानुसार सावधि निवेश कर लिया जाएगा व आगामी अंकेक्षण को सूचित कर दिया जाएगा। गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन में दर्ज अंकेक्षणापत्ति के दृष्टिगत प्रस्तुत प्रतिउत्तर संतोषजनक एवं तर्कसंगत नहीं है।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत भविष्य में नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6. अनुदान

### 6.1 अनुदान राशि ₹51.02 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **9** के अनुसार पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों को फंडिंग एजेंसी के दिशा निर्देशों अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 38/2024 दिनांक 11.02.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **परिशिष्ट - " क "** व **परिशिष्ट - " ख "** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹51,01,936.72** की राशि उपयोग हेतु शेष थी, जिससे स्पष्ट है कि विभिन्न अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 03/2024/ढ़गवार दिनांक 13.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 07/2025 दिनांक 14.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके शेष अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को फण्डिंग एजेन्सी के मार्ग दर्शन एवं दिशा निर्देशानुसार व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

### 6.2 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **79**(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को

अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त सचिव, पंचायती राज विभाग हि०प्र० के पत्र सं० पी०सी० एच०-एच०, ए० (5)(सी)(15)313/88-4614-478 दिनांक 25.04.2007 के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों को सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी व अन्य स्वीकृत एजेन्सी से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान की गई राशियों के स्वीकृति पत्र उपलब्ध करवायेगा ताकि अंकेक्षण के समय सुनिश्चित किया जा सके कि धन राशि सम्बन्धित स्कीम पर ही खर्च की जा रही है।

अंकेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त अनुदानों के आदेश/ स्वीकृति पत्र अंकेक्षण हेतु उपलब्ध नहीं करवाये गए। लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता | अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सका कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 03/2024/ढ़गवार दिनांक 13.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 07/2025 दिनांक 14.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि अनुदानों के आदेश व स्वीकृति पत्र विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त नहीं हुए है, जिन्हें भविष्य में प्राप्त कर आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा ।

अत: इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए एवं अंकेक्षण को दिए आश्वासनानुसार उक्त आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

इसके अतिरिक्त दिनांक 25.04.2007 के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित न करने का प्रकरण नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु पंचायती राज विभागीय उच्चाधिकारियों के ध्यान में लाया जाता है।

**6.3 अनुदान रजिस्टर का रख-रखाव न करना :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **61 (1)** के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है एवं नियम **79(2)** के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख-रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 03/2024/ढ़गवार दिनांक 13.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 07/2025 दिनांक 14.02.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि अनुदान रजिस्टर असंधारित है एवं भविष्य में अनुदान रजिस्टर को संधारित कर आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः अपेक्षित रजिस्टर का नियमानुसार रख –रखाव न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए भविष्य में भी नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन (***Update)*** करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखांकन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

**7. पंचायत राजस्व राशि ₹1.51 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना**

**7.1 संपत्ति कर/गृहकर राशि ₹0.61 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **34(2)** के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम पर्याप्त कारणों के बिना परादेय (outstanding) नहीं रखी जायेगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संपत्ति कर / गृहकर मांग व संग्रहण पंजिका अपूर्ण थी। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 04/2024/ढ़गवार दिनांक

14.02.2025 की अनुपालना में पत्र क्रमांक 08/2025 दिनांक 15.02.2025 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार पंचायत ने अपने अधिकार क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ₹50/- प्रति परिवार की दर से गृह कर आरोपित किया था एवं राशि **₹60,650.00** के पंचायत राजस्व की वसूली दिनांक 31.03.2024 को शेष थी जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " ङ "** पर संलग्न है। संपत्ति कर/गृहकर से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका अपूर्ण होने के कारण लम्बित गृह कर तथा वसूली का पूर्ण पता नहीं लगाया जा सका। संपत्ति कर/गृहकर की नियमित वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/ढ़गवार दिनांक 17.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 17/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि गृहकर की शीघ्र वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः पंचायत राजस्व किन कारणों से परादेय (outstanding) रहा, की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये लम्बित करों एवं बकाया पंचायत राजस्व राशियों की शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार संपत्ति कर / गृहकर से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका को संधारित कर प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.2 दुकानों के किरायेदार से देय किराया ₹0.90 लाख राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **34(2)** के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम पर्याप्त कारणों के बिना परादेय नहीं रखी जायेगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा दुकानों के किराये से सम्बन्धित मांग व वसूली पंजिका का संधारण प्रारूप -10 पर नहीं किया गया था जिससे कि लम्बित किराये तथा वसूली का पूर्ण पता लगाया जा सके। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024/ढ़गवार दिनांक 31.01.2025 की अनुपालना में पत्र क्रमांक 29 दिनांक 01.02.2025 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार पंचायत द्वारा दुकानों हेतु ₹600/- प्रतिमाह की दर से किराया आरोपित किया था एवं कुल 07 दुकानों से राशि **₹90,400.00** के पंचायत राजस्व की वसूली दिनांक 31.03.2024 को शेष थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " च"** पर संलग्न है। व्यवसायिक दुकानों के किराये से सम्बन्धित मांग व वसूली पंजिका असंधारित होने के कारण लम्बित किराया तथा वसूली का पूर्ण पता नहीं लगाया जा सका। व्यवसायिक परिसर/भवन के किराये की नियमित वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/ढ़गवार दिनांक 17.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 17/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि दुकानों के किराये की शीघ्र वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः पंचायत राजस्व किन कारणों से परादेय (outstanding) रहा, की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये लम्बित करों एवं बकाया पंचायत राजस्व राशियों की शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार व्यवसायिक परिसर/भवन के किराये से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका का संधारण प्रारूप – 10 के अनुसार कर प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7.3 दुकानों के किरायेदार से अनुबंध हस्ताक्षरित न करना: -

हि० प्र० पंचायती राज विभाग के कार्यालय आदेश संख्याः पीसीएची-एचसी (7) 10/80 दिनांक 17 सितम्बर 2008 अनुसार ग्राम पंचायत को व्यवसायिक परिसर/भवन को किराये पर देने के लिए कमेटी गठित करना, सम्बन्धित किरायेदार के साथ अनुबंध हस्ताक्षरित करना, सम्बन्धित व्यवसायिक परिसरों/भवनों का किराया लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम दरों से कम न हो एवं व्यापक प्रचार इत्यादि सुनिश्चित करना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा दुकानों के किरायेदार के साथ किराये से सम्बन्धित कोई भी लिखित अनुबंध का कार्यान्वयन नहीं किया गया था और न ही पंचायत के पास इससे सम्बन्धित सम्पूर्ण अभिलेख अर्थात माहवार दर तथा नियम व शर्ते इत्यादि उपलब्ध थी जिस कारण मासिक किराये की पूर्ण पुष्टि अंकेक्षण के दौरान संभव न हो सकी।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/ढ़गवार दिनांक 17.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 17/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि दुकानों को नियमानुसार कमेटी का गठन किए बिना किराये पर दिया गया और किरायेदार के साथ किसी भी प्रकार का अनुबंध हस्ताक्षरित नहीं किया गया है और इस बारे अंकेक्षण को आश्वासन दिया जाता है नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर उक्त उल्लेखित कार्यालय आदेश, अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः दुकानों के किरायेदार के साथ किराये से सम्बन्धित लिखित अनुबंध का कार्यान्वयन एवं पूर्व उल्लेखित कार्यालय आदेश की अनुपालना सुनिश्चित न करने के

कारणों से अंकेक्षण को अवगत करवाते हुए किरायेदार के साथ किराये से सम्बन्धित लिखित अनुबंध का कार्यान्वयन कर नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित नियमित कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की वैधानिक कठिनाई न हो तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

इसके अतिरिक्त दिनांक 17.09.2008 के कार्यालय आदेश के प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित न करने का प्रकरण नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु पंचायती राज विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यान में लाया जाता है।

**8. व्यय**

**8.1 खनन सामग्री बिलों के साथ ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹1.74 लाख के अनियमित भुगतान बारे: -**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम, 2015 के नियम 81 व 81 ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी सहित करना होगा। इसके अतिरिक्त निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, हि०प्र० के पत्र क्रमांक XEN-(RD&PR)-DB-GENERAL/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 व XEN-(RD&PR)-Royalty/2011-Vol-1-10247-10393 दिनांक 24.07.2024 द्वारा भी समय-समय पर निर्देश जारी किए गये कि खनन सामग्री क्रय हेतु भुगतान केवल सम्बन्धित ट्रांजिट पास की प्राप्ति सुनिश्चित करने उपरांत ही किया जाएगा।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के नमूना अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा रेत, बजरी, पत्थर की खरीद की गई थी परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान से पूर्व आपूर्तिकर्ता से उक्त ट्रांजिट पास की प्राप्ति सुनिश्चित नहीं की गई थी। ग्राम पंचायत

द्वारा नियमों की अवहेलना एवं निर्देशों की अनदेखी के परिणामस्वरूप **परिशिष्ट - " छ "** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹1,74,395.00** का आपूर्तिकर्ता को अनियमित भुगतान किया गया था। ट्रांजिट पास उपलब्ध न होने के कारण क्रय खनन सामग्री के आपूर्ति स्रोत की वैधता की पुष्टि नहीं की जा सकी जिस कारण अवैध खनन स्रोत से आपूर्ति की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 09/2024/ढ़गवार दिनांक 15.02.2025 द्वारा वर्तमान अंकेक्षण के दौरान सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पुनः आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 13/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में निर्माण कार्यों पर प्रयोग की गई सामग्री (रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि) के बिलों के समर्थन में ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित नहीं की गई और भुगतान किया गया। ग्राम पंचायत ने आश्वासन दिया कि आपूर्तिकर्ता से ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) प्राप्त कर आगामी अंकेक्षण को प्रस्तुत कर दिये जाएंगे। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः राशि **₹1,74,395.00** के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस संबंध में सम्बन्धित विभाग से संपर्क/पत्राचार कर तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। अंकेक्षण द्वारा सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में खनन सामग्री के क्रय के दौरान बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास की प्राप्ति सुनिश्चित की जाये व तदोपरान्त ही आपूर्तिकर्ता को भुगतान किया जाये।

**8.2 बजरी एवं पत्थर के क्रय हेतु भुगतान से पूर्व रिक्तियों (Voids) की कटौती न करने के कारण राशि ₹0.14 लाख का अधिक/अनियमित भुगतान बारे: -**

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग (HPPWD) द्वारा भवनों एवं सड़कों हेतु सामग्री सम्बन्धी अध्याय 2 के पैरा सं० 2.1.2.13 में बजरी (Aggregate) एवं पत्थरों

(Stone/Boulders) के आकार अनुसार आपूर्ति के दौरान रिक्तियों (Voids) की कटौती 5%, 10% एवं 12.5% करना निर्धारित है।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से पत्थरों की खरीद करने हेतु नियमानुसार आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करने से पूर्व रिक्तियों की कटौती नहीं की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा नियमों की अवहेलना एवं अनदेखी के परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को रिक्तियों की कटौती किए बिना कुल राशि **₹1,40,425.00** का भुगतान किया गया जिस पर राशि **₹13,693.00** का अधिक/अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " ज "** में दिया गया है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 10/2024/ढ़गवार दिनांक 15.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 14/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में भुगतान के समय आपूर्तिकर्ताओं से नियमानुसार रिक्तियों (Voids) की कटौती नहीं की गई थी जिस कारण आपूर्तिकर्ता को अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा आश्वासन दिया गया कि अतिरिक्त भुगतान की गई राशि की वसूली आपूर्तिकर्ता से करके अंकेक्षण को अवगत करवा देगी। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है। यह एक अनुचित प्रक्रिया है।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार रिक्तियों की कटौती किए बिना आपूर्तिकर्ताओं को बिल/वाउचरों के प्रति किए गये भुगतान को नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा कटौती योग्य रिक्तियों की अपेक्षित राशि की वसूली आपूर्तिकर्ताओं/उचित स्रोत से की जाए। अंकेक्षण द्वारा सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भुगतान से पूर्व रिक्तियों की कटौती से सम्बन्धित नियमों की अनुपालना सुनिश्चित की जाये व तदोपरान्त ही आपूर्तिकर्ता को भुगतान किया जाये।

## 8.3 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही ₹0.49 लाख के स्टॉक/स्टोर का क्रय करना: -

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने, निविदायें (Quotations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची, आपूर्ति आदेश इत्यादि औपचारिकतायें प्रावधित हैं।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा राशि **₹49,106.00** के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट - " झ "** में दिया गया है, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 11/2024/ढ़गवार दिनांक 15.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 15/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा त्रुटि को स्वीकार करते हुये बताया गया कि कार्य की आकस्मिकता के कारण औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना राशि **₹ 49,106.00** की निर्माण सामग्री का क्रय खुले बाजार से किया व अंकेक्षण को आश्वासन दिया कि भविष्य में सामग्री का क्रय औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण करने उपरांत ही किया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है। नियमानुसार सामग्री क्रय न करने के कारण ग्राम पंचायत द्वारा किसी व्यक्ति विशेष/ आपूर्तिकर्ता को अनुचित लाभ पहुंचाने की संभावना एवं व्यय राशि के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये कृत व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाने उपरान्त ही स्टॉक/स्टोर का क्रय,भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8.4 राशि ₹0.49 लाख की सामग्री की स्टॉक प्रविष्टि न करना: -**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए, बी, सी व डी ) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय की गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25 से 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट " झ "** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹49,106.00** के भण्डार की स्टॉक प्रविष्टि नहीं की थी, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/ दिनांक 17.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 17/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि स्टॉक प्रविष्टि कर ली जाएगी। प्रस्तुत प्रतिउत्तर नियमों के प्रतिकूल एवं तथ्य रहित होने के कारण तर्कसंगत नहीं है। स्टॉक रजिस्टर के अभाव में क्रय सामग्री/भंडार के दुर्विनियोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

अत: क्रय किये गये प्रत्येक सामान का नियमानुसार इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.5 अग्रिम राशि ₹2.20 लाख का समायोजन हेतु शेष पाया जाना :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 30 के अनुसार पंचायत द्वारा फार्म-9 में अस्थायी अग्रिमों का रजिस्टर तैयार करना तथा किए गये अग्रिमों का वित्तीय वर्ष के अंत तक समायोजन किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान अस्थायी अग्रिमों के रजिस्टर को प्रस्तुत नहीं किया गया और व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित चैतडू को सीमेंट के क्रय हेतु राशि **₹2,19,528.00** का अग्रिम प्रदान किया गया था, परंतु दिनांक 31.03.2024 तक उक्त राशि का समायोजन नहीं

हुआ था, जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट " ञ "** में दिया गया है, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/ढ़गवार दिनांक 17.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 17/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा बताया गया कि अग्रिम राशि का समायोजन शीघ्र कर लिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः अस्थायी अग्रिमों के रजिस्टर को संधारित कर हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित धर्मशाला को की गई अग्रिम भुगतान राशि का समायोजन करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**8.6 राशि ₹2.20 लाख के प्रोफॉर्मा बिल एवं मूल बिल अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम 79(2) अनुसार पंचायत सचिव संपरीक्षा के संचालन के लिए, संपरीक्षक(कों) सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार होगा और सभी अभिलेखों विवरणियों और लेखों के रजिस्टर/ अभिलेख संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए तैयार रखेगा।

व्यय वाउचरों के अंकेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा सीमेंट के क्रय से सम्बन्धित प्रोफॉर्मा एवं मूल बिल (Original Bill) प्रस्तुत नहीं किए गये। ग्राम पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित चैतड़ू को **परिशिष्ट " ञ "** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹2,19,528.00** का भुगतान किया गया जिसके बदले में समय-समय पर ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों में प्रयोग हेतु सीमेंट लिया गया। उक्त भुगतान एवं प्राप्त सीमेंट की मात्रा से सम्बन्धित मूल बिल अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने के कारण सीमेंट की स्टॉक प्रविष्टियों एवं खपत की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/ढ़गवार दिनांक 17.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया,

जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 17/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित चैतड़ू से मूल बिल (Original Bill) प्राप्त कर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः उक्त मामले को उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ लाकर अग्रिम भुगतान राशि की जांच पड़ताल कर वस्तुस्थिति व नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाये एवं सम्बन्धित विभाग से संपर्क/पत्राचार कर मूल बिल (Original Bill) प्राप्त कर स्टॉक रजिस्टर का अद्यतन करने उपरांत नियमानुसार अग्रिम समायोजन लेखें सहित कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। अंकेक्षण द्वारा सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में सीमेंट के क्रय हेतु अग्रिम भुगतान केवल दार्शनिक बिल (Proforma Bill) प्राप्ति के उपरांत ही किया जाये।

**8.7 निर्धारित खपत मानदण्डों एवं अनियमित माप गणना के दृष्टिगत राशि ₹0.21 लाख का अपेक्षाकृत अधिक भुगतान बारे:-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 44 के तहत ग्राम पंचायत को निधियों के व्यय के दौरान प्रत्येक स्तर पर कड़ी मितव्ययिता का अनुपालन करना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान 15वां वित्त आयोग (15th FC) के अंतर्गत निष्पादित निर्माण कार्य "**कार्यपूर्ति रास्ते में इंटरलोक टाइल लगाने हेतु विवेक की दुकान से सतीश वालिया की दुकान की ओर**" से सम्बन्धित माप पुस्तिका, बिल, वॉउचर इत्यादि के अवलोकन पर निर्धारित खपत मानदण्डों एवं अनियमित माप गणना के दृष्टिगत अपेक्षाकृत राशि **₹21,245.00** का अतिरिक्त/ अनियमित भुगतान पाया गया, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "ट "** पर संलग्न है। माप पुस्तिका में तकनीकी सहायक द्वारा की गई रिकॉर्ड प्रविष्टियों को विभागीय तकनीकी उच्च अधिकारियों द्वारा नियमानुसार भुगतान हेतु पारित एवं प्रतिहस्ताक्षरित नहीं किया गया था एवं सामग्री के बिलों को

तकनीकी सहायक द्वारा भुगतान से पूर्व सत्यापित नहीं किया गया था। प्रथम दृष्ट्या इस राशि का दुर्विनियोजन/गबन किया गया प्रतीत होता है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2024/ढ़गवार दिनांक 15.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में तथ्यों की पुष्टि उपरांत उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 16/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा उत्तर दिया गया कि अनियमित माप गणना एवं खपत से अधिक सामग्री क्रय बारे तकनीकी सहायक से चर्चा उपरांत त्रुटि स्वीकार की जाती है व अंकेक्षण को आश्वासन दिया जाता है कि इस विषय में पंचायत जांच कर उचित कार्यवाही अमल में लाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा देगी। प्रस्तुत प्रत्युत्तर नियम प्रावधानों एवं अंकेक्षणापत्ति अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः निर्धारित खपत मानदण्डों एवं अनियमित माप गणना के दृष्टिगत किये गए अधिक भुगतान को आगामी उच्च तकनीकी अधिकारी की जांच एवं सत्यापना उपरांत समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा वस्तुस्थिति, नियमानुसार देय उक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। उक्त प्रकरण पंचायती राज विभागीय उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ इस आशय से लाया जाता है कि इस प्रकार के अन्य मामले होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता जिस कारण विभागीय स्तर पर पंचायत द्वारा निष्पादित निर्माण कार्यों की विस्तृत जांच उपरान्त यथास्थिति लाई गई अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

## 8.8 विभिन्न अनुदानों के अर्न्तगत व्यय राशि ₹2.11 लाख से सम्बन्धित वांछित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे:-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम **94, 95** व **101** के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति व प्राक्कलन तैयार किए बिना नहीं किया जा सकता। नियम **79(2)** अनुसार पंचायत सचिव संपरीक्षा के संचालन के लिए, संपरीक्षक(कों) सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार होगा

और सभी अभिलेखों, विवरणियों और लेखों के रजिस्टर/ अभिलेख संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए तैयार रखेगा।

अंकेक्षण हेतु चयनित माह के बिल/वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत निष्पादित विकास कार्यों हेतु चयनित माह में व्यय राशि **₹2,10,909.00** का भुगतान **परिशिष्ट " ठ "** पर संलग्न विवरणानुसार किया गया जिससे से सम्बन्धित प्राक्कलन, माप पुस्तिकाएं अनुभागी/संकर्म व सतर्कता कमेटी द्वारा हस्ताक्षरित अनुबंध व उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके अभाव में सम्बन्धित स्वीकृत कार्यों हेतु व्यय राशि की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/ढ़गवार दिनांक 17.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 17/2025 दिनांक 17.02.2025 में पंचायत सचिव द्वारा बताया गया कि वांछित अभिलेख आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिए जाएंगे। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः वांछित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने का मामला हि०प्र० पंचायती राज के विभागीय उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करने एवं वस्तुस्थिति अनुसार, नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाने हेतु लाया जाता है।

**9. मनरेगा के अंतर्गत निष्पादित विभिन्न निर्माण कार्यों से सम्बन्धित अनियमितता बारे**

**9.1 व्यक्तिगत कार्यों के लिए सामग्री की खरीद हेतु व्यक्तिगत लाभार्थियों के खातों में जमा/प्रतिपूर्ति करने की अपेक्षा आपूर्तिकर्ता को राशि ₹0.86 लाख का अनियमित भुगतान करना:-**

निदेशक-सह-आयुक्त (मनरेगा) ग्रामीण विकास विभाग हिमाचल प्रदेश, के पत्र संख्या SMS-1/2021-22-RDD-Implementation-MGNREGA-5684-5808 दिनांक 25.05.2022 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों अनुसार मनरेगा के अन्तर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों

की भूमि पर निष्पादित किए जाने वाले कार्यों के लिए सामग्री की खरीद हेतु आपूर्तिकर्ता के खातों में सामग्री का भुगतान करने के बजाय, इसे व्यक्तिगत लाभार्थियों के खातों में जमा/प्रतिपूर्ति किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की भूमि पर निष्पादित कार्यों के लिए जारी निर्देशों की उल्लंघना करते हुये खरीदी गई सामग्री हेतु भुगतान व्यक्तिगत लाभार्थियों के खातों में जमा/प्रतिपूर्ति करने के बजाय आपूर्तिकर्ता को करने के परिणामस्वरूप राशि **₹85,990.28** का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है , जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " ड "** पर संलग्न है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/ढ़गवार दिनांक 17.02.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 17/2025 दिनांक 17.02.2025 द्वारा अंकेक्षण को बताया गया कि नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। प्रस्तुत प्रत्युत्तर तथ्यरहित होने के कारण तर्कसंगत नहीं है।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार सामग्री का भुगतान व्यक्तिगत लाभार्थियों के खातों में जमा/प्रतिपूर्ति करने के बजाय आपूर्तिकर्ता को करने का औचित्य स्पष्ट करते हुये तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति/समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये व अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9.2 मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत राशि ₹16.04 लाख से सम्बन्धित वांछित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम **94, 95** व **101** के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति व प्राक्कलन तैयार किए बिना नहीं किया जा सकता। नियम **79(2)** अनुसार पंचायत सचिव संपरीक्षा के संचालन के लिए, संपरीक्षक(कों) सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार होगा

और सभी अभिलेखों विवरणीयों और लेखों के रजिस्टर/ अभिलेख संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए तैयार रखेगा।

अंकेक्षण हेतु चयनित माह के बिल/वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अर्न्तगत निष्पादित विकास कार्यों हेतु **परिशिष्ट " ढ "** पर संलग्न विवरणानुसार स्वीकृत राशि **₹16,03,555.00** से सम्बन्धित प्राक्कलन, माप पुस्तिकाएं अनुभागी/संकर्म व सतर्कता कमेटी द्वारा हस्ताक्षरित अनुबंध व उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके अभाव में सम्बन्धित स्वीकृत कार्यों हेतु व्यय राशि की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

